of Rs. 50.00 lakhs, through the national Film Development Corporation which will be supported by Rs. 1.2 crore from Government by way of equity in the first instance and raise Rs. 3 crores as loan from banks on Government guarantee. Private investors from film industry have been invited to invest in the project up to Rs. 98 lakhs.

(c) The foreign investors are contributing S 15 millions approximately.

(b) and (e). The film very largely depicts an authentic account of the life of Mahatma Gandhi. However, certain minor deviations have been made from knownfacts in the interest of drama and in order to bring out the essential nature of Gandhiji's achievements. The producer will make a specific statement at the outset of the film to this effect.

(f) Yes, Sir.

**कोयला खानों में अग्निकांड**

236. **श्री हरिकेश बहादुर :** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में उन कोयला खानों के नाम क्या है जिनमें आग लगी हुई है ;

(ख) आग को बुझाने के लिये सरकार क्या कदम उठा रही है ;

(ग) बिहार में ऐसी कोयला खानों के नाम क्या है जहां आग से कोयला जल रहा है ;

(घ) समूचे देश मे आग से कितना कोयला बर्बाद हो गया है ; और

(ङ) कोयला खानों में कोयला जल जाने के कारण, कितनी हानि होने का अनुमान है ?

**ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विक्रम महाजन) :** (क) से (ङ). सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

**जीवन-रक्षक औषधियों के मूल्यों में वृद्धि**

237. **श्री राम विलास पासवान :**
**श्री सूर्यनारायण सिंह :**
**श्री रामावतार शास्त्री :**
**श्री के० ए० राजन :**
**श्री जी० एस० रेड्डी :**

क्या पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार जीवन-रक्षक औषधियों के मूल्य बढ़ायेगी; और

(ख) यदि हां, तो ऐसी औषधियों के नाम क्या है और प्रत्येक औषधि के मूल्य में कितने प्रतिशत वृद्धि की जायेगी और इसके क्या कारण है ?

**पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) :** (क) सरकार ने औषध (मूल्य नियंत्रण) आदेश, 1979 के मुताबिक औद्योगिक लागत और मूल्य ब्यूरो की रिपोर्ट पर आधारित मूल्य नियंत्रित जीवन रक्षक औषधों के मूल्य में समायोजन की स्वीकृति देने का निर्णय लिया है। इन समायोजनों के परिणामस्वरूप कुछ औषधों के मूल्य में बृद्धि और अन्य औषधों के मूल्य में कमी हो सकती है।

(ख) औषधों के नाम और अब तक स्वीकृत संशोधित मूल्यों को दर्शाने वाला विवरण पत्र संलग्न है। अगस्त, 1979 में घोषित पेट्रोलियम के मूल्य में बृद्धि आदि जैसे कच्चे माल्लों की लागत में बृद्धि

को ध्यान में रखते हुए औद्योगिक लागत और मूल्य ब्यूरो द्वारा लागत अध्ययन के आधार पर वृद्धि की मंजूरी दी गई है।

## Statement

### ड्रग्स से संबंधित विवरण पत्र

| क्रम संख्या | बल्क ड्रग्स का नाम | पुनरीक्षण से पहले का मूल्य रु०/कि०ग्राम | पुनरीक्षण के बाद का मूल्य रुपये/कि० ग्राम | प्रतिशतता वृद्धि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पेथी डाइन एच०सी०एल० | 1050.00 | 1522.24 | 45.00 |
| 2. | पैथेलाइल सल्फाथियाजोल | 173.00 | 188.25 | 9.00 |
| 3 | एसिटाजोलामाइड | 350 00 | 564.56 | 61 00 |
| 4. | एफिड्राइन एच० सी० एल० | 405.00 | 487.56 | 20.00 |
| 5 | फोलिक एसिड | 2496.07 (कैप्टिव प्रयोग के लिये) 2536.40 (दूसरो को भी बिक्री के लिये) | 2631.62 | 4.00 |
| 6. | सल्फासिटामाइड | 102.25 | 172.97 | 69 00 |
| 7. | सल्फासिटामाइड सोडियम | 102.25 | 113.10 | 11.00 |
| 8. | सल्फाडिमीडाइन | 161.41 | 178.56 | 11.00 |
| 9. | क्लोरमफेनीकल सोडियम सक्सीनेट | (स्वदेशी उत्पादन के लिये कोई मूल्य निर्धारित नही किया गया) | 1024 45 | — |
| 10. | स्ट्रेप्टोमाइसीन सल्फेट | 475 00 (पूल्ड) | 660.75 (पूल्ड) | 39.00 |
| 11 | क्लोरमफैनीकल पावडर | 460.00 (पूल्ड) | 622.00 (पूल्ड) | 35 00 |
| 12. | क्लोरमफैनीकल पाल्मीटेट | 460.00 (पूल्ड) | 860.00 (पूल्ड) | 75.00 |
| 13. | प्रोकेन हाइड्रोक्लोराइड | 114.00 | 158.83 | 39.00 |
| 14 | विटामिन बी$_2$ | 935.48 (पूल्ड) | 1100.00 (पूल्ड) | 18.00 |